RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS


## गुस्ताखी माफ



सीवर-पानी का करें, खुलकर सभी प्रयोग।
लेकिन बिल भरते समय, कन्नी काटें लोग।
कन्नी काटें लोग, यूज तो जमकर करते।
मगर समय से नहीं, कभी ये बिल-विल भरते।
कह साहिल कविराय, करें हैं आनाकानी।
फिर सब धरने लगा, मांगते सीवर-पानी।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल





VOL: 11 | ISSUE 194 | WEDNESDAY 22-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com


# नामी फोर्जिंग कारोबारी पर सेंट्रल जीएसटी की बड़ी रेड, टैक्स चोरी और आईटीसी में गड़बड़ी की आशंका

## कारोबारी के कई ठिकानों पर दस्तावेज और डिजिटल रिकॉर्ड खंगाले गए

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। सोमवार को केंद्रीय जीएसटी विभाग ने लुधियाना के एक फोर्जिंग कारोबारी के कई ठिकानों पर एक साथ बड़ी कार्रवाई की। सुबह करीब 8 बजे विभाग की अलग-अलग टीमें वाहनों में सवार होकर कारोबारी के विभिन्न ठिकानों पर पहुंचीं और जांच शुरू की। यह कार्रवाई चीफ कमिश्नर मीणा के नेतृत्व में की गई। चर्चा है कि यह कार्रवाई टैक्स चोरी और इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के कथित दुरुपयोग की आशंका को लेकर की गई है। जांच के दौरान अधिकारियों ने कारोबारी के ठिकानों के वित्तीय दस्तावेज, खरीद-बिक्री रिकॉर्ड, ई-वे बिल, जीएसटी रिटर्न और इलेक्ट्रॉनिक डेटा खंगाला गया। चर्चा है कि कई स्थानों पर देर शाम तक जांच जारी रही और विभाग ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ डिजिटल रिकॉर्ड भी अपने कब्जे में लेकर उनका परीक्षण शुरू कर दिया। अधिकारियों की टीम लेन-देन से जुड़े दस्तावेजों का मिलान कर संभावित कर अनियमितताओं की जांच कर रही है।




### जांच पूरी होने पर स्थिति होगी स्पष्ट

फिलहाल केंद्रीय जीएसटी विभाग की ओर से कार्रवाई के संबंध में कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। जांच पूरी होने के बाद ही संभावित कर चोरी या आईटीसी से जुड़ी अनियमितताओं की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। यदि जांच में गड़बड़ी की पुष्टि होती है तो कारोबारी के खिलाफ जीएसटी कानून के तहत आगे की कार्रवाई की जा सकती है।

### कई और कारोबारी भी रडार पर

चर्चा है कि उक्त फोर्जिंग कारोबारी के यहां रेड के दौरान टीमों को कई दस्तावेज व रिकॉर्ड मिला है। जिसमें कई फर्मों के साथ लेनदेन हुआ है। अब टीमें उन सबूतों को लेकर जांच कर रही है। अगर उसमें गड़बड़ी नजर आई तो कई और फर्में भी विभाग की रडार पर आ सकती हैं। हालांकि इस रेड के बाद पूरा दिन फोर्जिंग सेक्टर में हलचल का माहौल रहा। सभी एक दूसरे को फोन करके रेड की स्थिति जानने में लगे रहे।

# 18 वार्ड अटेंडेंट की सिविल अस्पताल के लिए हुई भर्ती, सिविल सर्जन कार्यालय में किए तैनात

## कई वर्षों तक रहे कार्यरत ,पोल खुली तो वापस भेजें

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 21 जुलाई। सिविल अस्पताल में निरंतर वार्ड अटेंडेंट की शॉर्टेज के चलते सरकार द्वारा 2021 में सिविल अस्पताल में मरीजों की देखभाल के लिए भर्ती किए गए 26 वार्ड अटेंडेंट रखे गए परंतु अपने रसूख का इस्तेमाल करते हुए तत्कालीन सिविल सर्जन ने इनमें से 18 कर्मचारियों को सिविल सर्जन कार्यालय में तैनात कर लिया हो नेट फूड ब्रांच रीइंबर्समेंट अमला शाखा अकाउंट्स जन्म मृत्यु विभाग



तथा जनरल तथा मेडिसिन स्टोर में तैनात कर दिया। इनमें से दो कर्मचारी तो फामेर्सी का कोर्स कर चुके थे परंतु नौकरी न मिलने पर उन्होंने वार्ड अटेंडेंट के लिए अप्लाई कर दिया और उनकी नियुक्ति बतौर वार्ड अटेंडेंट तो हो गई पर इत्तेफाक से उन्हें सिविल सर्जन कार्यालय में स्थित स्टोर पर तैनात कर दिया।

**5 साल बाद खुली पोल...**विभागीय जांच के द्वारा जब यह देखा गया आगे 26 कर्मचारियों के बाद भी सिविल अस्पताल में वार्ड अटेंडेंट की शॉर्टेज है और इनमें 7 कर्मचारी ही काम कर रहे हैं तब पता चला कि शेष कर्मचारियों सिविल सर्जन कार्यालय में विभिन्न सीटों पर तैनात हैं और वहां काम कर रहे हैं जैसे ही यह पोल खुली और मामला सिविल सर्जन कार्यालय पहुंच तुरंत देने 18 कर्मचारियों को रिलीव करके सिविल अस्पताल भेज दिया गया।




यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India

# “BeNd The TreNd’ की कहानी: छोटे से कमरे से शुरू हुआ सफर, आज फैशन की दुनिया में अलग पहचान



फैशन सिर्फ कपड़े पहनने का नाम नहीं, बल्कि अपनी पहचान बनाने का तरीका है। लुधियाना की फैशन इंडस्ट्री में अगर यूनिक डिजाइन, परफेक्ट फिटिंग और कस्टमाइज्ड आउटफिट्स की बात होती है, तो 'BeNd The TreNd' का नाम जरूर सामने आता है। एक छोटे से कमरे से शुरू हुआ यह सफर आज शहर के सबसे चर्चित डिजाइन स्टूडियो में शामिल है। 'BeNd The TreNd' की फाउंडर और फैशन डिजाइनर नेहा ने अपने संघर्ष, सफलता, बदलते फैशन ट्रेंड्स, सस्टेनेबल फैशन और लुधियाना की फैशन संस्कृति पर खुलकर बातचीत की।

**आपने लुधियाना की फैशन इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। लेकिन हर सफलता के पीछे एक कहानी होती है। आपके सफर की शुरूआत कैसे हुई?**

मैंने छठी क्लास में ही तय कर लिया था कि मुझे फैशन डिजाइनर बनना है। 12वीं के बाद फैशन में पढ़ाई की और हमेशा अपना स्टूडियो खोलने का सपना देखा। शादी के बाद कुछ समय परिवार की जिम्मेदारियों में निकल गया, लेकिन मैंने अपना सपना नहीं छोड़ा। बेटे के जन्म के बाद एक छोटे से कमरे से काम शुरू किया और फिर 2020 में अपना स्टूडियो बनाया। स्टूडियो खुलने के सिर्फ 12 दिन बाद लॉकडाउन लग गया, लेकिन भगवान की कृपा और ग्राहकों के प्यार से काम लगातार बढ़ता गया।



**उस समय सोशल मीडिया आज जितना मजबूत नहीं था। आपने अपने ब्रांड की मार्केटिंग कैसे की?**

मेरी पहली मार्केटिंग मेरे अपने कपड़े थे। मैं खुद अपने डिजाइन किए हुए आउटफिट पहनती थी। लोग पूछते थे कि यह कहां से बनवाया है। उस समय इंस्टाग्राम नहीं था, इसलिए मैं फेसबुक पर अपने डिजाइन शेयर करती थी। वहीं से लोगों का भरोसा बनना शुरू हुआ और फिर माउथ पब्लिसिटी ने काम कर दिया।

**डिजाइनिंग से ज्यादा मुश्किल क्या था—स्टूडियो खोलना या अच्छी टीम बनाना?**

स्टूडियो तो एक दिन में खुल सकता है, लेकिन अच्छी टीम बनने में सालों लग जाते हैं। मैंने हमेशा अच्छे कारीगरों को महत्व दिया। अगर टीम खुश होगी तो काम अच्छा होगा और ग्राहक भी खुश रहेगा। मेरे लिए क्वालिटी सबसे बड़ी प्राथमिकता है।

**अक्सर महिलाएं टेलर से फिटिंग, डिजाइन और फिनिशिंग को लेकर परेशान रहती हैं। आपने इस चुनौती को कैसे हल किया?**

हमारा पूरा फोकस फिटिंग और फिनिशिंग पर रहता है। हर आउटफिट को क्लाइंट के हिसाब से डिजाइन किया जाता है। यही वजह है कि हमारे यहां लोग सिर्फ कपड़े नहीं, बल्कि भरोसा लेने आते हैं।

**आजकल सस्टेनेबल फैशन की काफी चर्चा है। क्या लोग अपने पुराने आउटफिट्स को नए अंदाज में पहनना पसंद कर रहे हैं?**

बिल्कुल। हर ग्राहक की सोच अलग होती है। कुछ लोग एक बार पहनकर आउटफिट रख देते हैं, जबकि कुछ चाहते हैं कि वही कपड़ा नए लुक में दोबारा इस्तेमाल हो। हम लहंगे को अनारकली या किसी दूसरे डिजाइन में बदलकर नया लुक देते हैं। इससे फैशन भी बना रहता है और पैसा भी बचता है।

**क्या कभी ऐसा होता है कि ग्राहक किसी सेलिब्रिटी या दूसरे डिजाइनर का आउटफिट बिल्कुल वैसा ही बनाने की मांग करता है?**

ऐसा अक्सर होता है। लेकिन मैं कोशिश करती हूं कि किसी की डिजाइन कॉपी न करूं। हम उसी से प्रेरणा लेकर नया डिजाइन तैयार करते हैं। आखिर हर डिजाइनर की अपनी मेहनत होती है और हर ग्राहक भी कुछ यूनिक पहनना चाहता है।

**पिछले 10 वर्षों में फैशन इंडस्ट्री में सबसे बड़ा बदलाव क्या आया है?**

पहले हैवी एम्ब्रॉयडरी और ब्राइट कलर्स का ट्रेंड था। अब लोग मिनिमल, क्लासी और एलिगेंट लुक पसंद करते हैं। पेस्टल, आइवरी और सॉफ्ट शेड्स आज सबसे ज्यादा पसंद किए जा रहे हैं।

**क्या आपको लगता है कि बॉलीवुड और सोशल मीडिया फैशन ट्रेंड्स को तय कर रहे हैं?**

बिल्कुल। जब कोई सेलिब्रिटी कोई नया लुक अपनाता है तो लोग उसे तुरंत फॉलो करने लगते हैं। आज आइवरी ब्राइडल लहंगे और व्हाइट वेडिंग्स इसी ट्रेंड का हिस्सा हैं।

**आखिर फैशन की आपकी एक लाइन में परिभाषा क्या होगी?**

फैशन कपड़ों का नहीं, उन्हें आत्मविश्वास के साथ कैरी करने का नाम है।

**आखिर लुधियाना की फैशन इंडस्ट्री को आप किस नजर से देखती हैं?**

लुधियाना आज किसी मेट्रो सिटी से कम नहीं है। यहां का फैशन सेंस शानदार है। हमारे पास देश-विदेश से ग्राहक आते हैं और सभी यहां की डिजाइनिंग और स्टाइल देखकर प्रभावित होते हैं। यहां लोग ट्रेडिशनल और वेस्टर्न दोनों फैशन को बेहद खूबसूरती से अपनाते हैं।

# आईपीए ने एमएसएमई के लिए सस्ती पूंजी, जीएसटी रिफंड और बिजली दरों में राहत समेत कई कदम उठाने की अपील की

## कच्चे माल की बढ़ती लागत और कमजोर मांग से पेंट उद्योग संकट में, सरकार से तत्काल राहत की मांग

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। इंडियन पेंट एसोसिएशन (आईपीए) की ओर से गंभीर आर्थिक चुनौतियों से जुझ रहे पेंट एवं कोटिंग उद्योग को तत्काल राहत देने के लिए केंद्र और राज्य सरकारों को ठोस कदम उठाने की मांग की है। आईपीए के उत्तर क्षेत्र के चेयरमैन एवं एचआरबीएल ग्रुप के प्रबंध निदेशक अश्विन नागपाल ने कहा कि पेंट उद्योग कच्चे तेल से बनने वाले उत्पादों, पेट्रोकेमिकल्स, सॉल्वेंट, रेजिन, पिगमेंट और विशेष रसायनों पर काफी हद तक निर्भर है। पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव के कारण आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हुई है, जिससे माल ढुलाई की लागत बढ़ी है। वहीं, बाजार में कड़ी प्रतिस्पर्धा के चलते कंपनियां बढ़ी हुई लागत का बोझ ग्राहकों पर नहीं डाल पा रही हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सबसे अधिक प्रभावित हुए हैं। इन इकाइयों को घटते मुनाफे, नकदी संकट, बढ़े हुए बिजली शुल्क, अनुपालन लागत और सस्ती कार्यशील



पूंजी की कमी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। अश्विन नागपाल ने कहा कि पेंट एवं कोटिंग उद्योग ऑटोमोबाइल, इंफ्रास्ट्रक्चर, निर्माण, रेलवे, इंजीनियरिंग, उपभोक्ता टिकाऊ उत्पाद, फर्नीचर, इस्पात, मरीन और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों को आपूर्ति करता है। ऐसे में इस क्षेत्र में लंबे समय तक मंदी रहने का असर रोजगार, निवेश और देश की औद्योगिक विकास दर पर भी पड़ेगा। इंडियन पेंट एसोसिएशन ने सरकार से एमएसएमई के लिए कम ब्याज पर कार्यशील पूंजी उपलब्ध कराने, ब्याज सब्सिडी, जीएसटी रिफंड में तेजी, औद्योगिक बिजली दरों का युक्तिकरण सुनिश्चित करने की मांग की है।




पेज 06 कीमती लाल जैन परिवार की ओर से श्री गोविन्द...


# पूजा के लिए बाजार में नकली घी की भरमार, लोगों की आस्था से हो रहा खिलवाड़

## पशुओं की चर्बी तथा वनस्पति घी से तैयार करने की आशंका

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। बाजार में त्यौहारों से पहले है धार्मिक स्थान के बाहर पूजा के लिए घी के नाम पर नकली देसी घी लोगों को बेचा जा रहा है इस घी के पैकेट के ऊपर साफ तौर पर लिखा है कि यह खाने के लिए नहीं है हालांकि धर्म में आस्था रखने वाले तथा मंदिरों में तैनात पंडितों का कहना है कि पूजा के लिए देसी घी के इस्तेमाल का विधान है परंतु लोग देसी घी के नाम पर वनस्पति तथा अन्य घी से तैयार रसायन को पूजा में इस्तेमाल कर रहे हैं जो सीधे तौर पर लोगों की आस्था से खिलवाड़ है कुछ एक लोगो ने यह आशंका भी जाहिर की कि यह घी पशु की चर्बी से भी निर्मित हो सकता है सूत्रों की माने तो स्वास्थ्य विभाग की अनदेखी के चलते मिलावटखोरों के हौसले बुलंद हो गए हैं जिसके चलते शहर के भीतरी इलाकों में उन्होंने अपनी फैक्टरियां लगा ली हैं जिसमें रात दिन बाजार में उपलब्ध देसी घी के डिब्बों व टीन पैकिंग को खोलकर उसमें मिलावट कर फिर से सील लगाकर बाजार में भेजा जा रहा है। इसके अलावा पशुओं की चर्बी अथवा वनस्पति तेल से निर्मित घी को पूजा के लिए इस्तेमाल होने वाला घी बताया जा रहा है




### स्वास्थ्य विभाग से बचने के के लिए लिख देते हैं खाने के लिए नहीं

पूजा के लिए इस्तेमाल होने वाले घी को लेकर हर समय यह आशंका बनी रहती थी कि शिकायत के आधार पर स्वास्थ्य विभाग उनकी जांच ना कर ले इसलिए उन्होंने इससे बचने के लिए घी के डब्बे के ऊपर यह लिखना शुरू कर दिया कि यह खाने के लिए नहीं है इसके बाद स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहना शुरू कर दिया है कि वह सिर्फ फूड आइटम्स के ही सैंपल कर सकते हैं जिससे यह भी पता चलता है कि यह घी देसी घी नहीं है बल्कि देसी घी के विकल्प के तौर पर पेश किया जाने वाला कोई अन्य पदार्थ है परंतु दर्जनों शिकायतों के बावजूद स्वास्थ्य विभाग अभी तक इस साल ध्यान नहीं दिया और ना ही सरकार की तरफ से किसी विभाग की ड्यूटी इसकी जांच के लिए लगाई गई है यह घी मंदिरों के बाहर भक्तों के लिए भी उपलब्ध कराया जा रहा है सूत्रों की माने तो पूजा के लिए उपलब्ध घी को खाने के लिए भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

### *लंगर व धार्मिक कार्यक्रमों में सप्लाई होता है नकली देसी घी।*

*शहर में होने वाले लंगर व धार्मिक कार्यक्रमों में भोजन के प्रबंध के लिए इन लोगों के पास जब कोई देसी घी लेने जाता है तो यह बाजार से काफी कम कीमत पर मिलावटी देसी घी के टीन दे देते हैं। नकली देसी घी की मिलावट खोरी के चलते असली देसी घी बेचने वालों का धंधा भी खराब हो रहा है क्योंकि उनसे काफी कम कीमत पर बाजार में ब्रांडेड देसी घी के नाम पर मिलावट कर लोगों को सिंथेटिक देसी घी उपलब्ध कराया जा रहा है। कुछ एक लोगों का मानना है कि जिस घी को पूजा के लिए उपलब्ध कराया जा रहा है वही की लंगर और धार्मिक कार्यक्रमों में सप्लाई किया जा रहा है।*

### बाजार में नकली देसी घी भी है उपलब्ध

- एक होलसेल करियाना मलिक ने बताया कि उनके पास एक ब्रांडेड घी के डिब्बे सप्लाई करने कोई व्यक्ति आ गया जैसे ही उन्हें पता चला कि डिब्बे में घी मिलावटी है तो पूछताछ करने पर सप्लाई करने वाला युवक मिलावटी देसी घी वहीं छोड़कर भाग गया और फिर पैसे लेने भी नहीं आया जिसे बाद में उन्होंने नष्ट कर दिया। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष स्वास्थ्य विभाग में इंटर जिलों की टीमें बनाकर फूड सैंपलिंग कराई थी तब स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा कहा जा रहा था कि यह सैंपल कभी पास नहीं होंगे परंतु बाद में वह सैंपल पास हो गए ।

### लोगों की सेहत से हो रहा खिलवाड़

- पंजाबियों में देसी घी के इस्तेमाल का काफी चलन है। रोजमर्रा की जिंदगी के अलावा किसी भी खुशी के मौके पर देसी घी के बने खाद्य पदार्थों, हल्वे और मिठाइयों का इस्तेमाल जोर-जोर से किया जाता है परंतु बाजार में जिस तेजी से मिलावटी देसी घी की आमद हो रही है यह सीधे तौर पर लोगों की सेहत से खिलवाड़ हो रहा है। लोगों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को इसके लिए स्पेशल कैंपेन शुरू करनी चाहिए।

# सुनील मोदगिल के भाजपा अध्यक्ष बनने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई



लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता सुनील मोदगिल को लुधियाना शहरी भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर पार्टी कार्यकताओं और नेताओं में खुशी की लहर है। इस अवसर पर विभिन्न नेताओं ने उन्हें बधाई देकर सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में भाजपा नेता संजीव चौधरी, हर्ष शर्मा, संजय गौसाई, चंदन गुप्ता, अमित कुमार सहित कई भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे। इस दौरान भाजपा नेता संजीव चौधरी ने कहा कि सुनील मोदगिल के संगठनात्मक अनुभव और नेतृत्व क्षमता से पार्टी को नई मजबूती मिलेगी तथा शहर में भाजपा का जनाधार और अधिक मजबूत होगा। सुनील मोदगिल ने पार्टी नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वह पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे।

# शिअद नेता के भाई और मेडिकल सेंटर मालिक डॉक्टर ने तथ्य छिपाकर कोर्ट से लिया स्टे, सुनवाई के दौरान हटाया

## कई लॉ इंस्टीट्यूट चलाने वाली ट्रस्ट में ट्रस्टी बने रहने को छिपाए थे तथ्य

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। शिरोमणि अकाली दल के सीनियर लीडर महेश इंद्र सिंह ग्रेवाल के भाई और मेडिकल सेंटर चलाने वाले डॉक्टर गुरिंदर सिंह ग्रेवाल द्वारा कई इंस्टीट्यूट चलाने वाली ट्रस्ट में ट्रस्टी बने रहने को एक अनोखा खेल खेला गया। एडवोकेट आदित्य जैन अनुसार डॉ. ग्रेवाल द्वारा खुद रिजाइन करने की बात छिपाकर ट्रस्ट में ट्रस्टी रहने और नए पदाधिकारी शामिल न करने के लिए कोर्ट से स्टे ले लिया गया। लेकिन मामले की सुनवाई के दौरान दूसरे पक्ष द्वारा सभी सबूत सामने रखे गए। अदालत द्वारा सबूतों के आधार पर और डॉ. गुरिंदर सिंह ग्रेवाल द्वारा तथ्य छिपाने पर पहले लगाए गए स्टे को हटा दिया गया है। अब डॉ. ग्रेवाल ट्रस्ट में न तो ट्रस्टी रह सकेंगे और



एडवोकेट आदित्य जैन

उनकी मैनेजर पद पर भी नई नियुक्ति होगी। वहीं ट्रस्ट अब पहले की तरह अपने कार्यप्रणाली जारी रख सकेगी। जानकारी के अनुसार डॉ. गुरिंदर सिंह ग्रेवाल शिरोमणि अकाली दल के सीनियर लीडर महेश इंद्र सिंह ग्रेवाल के भाई है। वहीं उनका अपना गुरदेव नगर में लुधियाना मेडी स्कैन सेंटर है।



### 2023 में बने थे ट्रस्टी

एडवोकेट आदित्य जैन ने बताया कि गुरु गोबिंद उजागर हरी ट्रस्ट द्वारा जीएचजी इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ सिधवां समेत कई इंस्टीट्यूट चलाए जा रहे हैं। उक्त ट्रस्ट में डॉ. गुरिंदर सिंह ग्रेवाल 2023 में ट्रस्टी बने। वहीं उन्हें मैनेजर पद पर नियुक्त किया गया। 15 अप्रैल 2026 को ट्रस्ट द्वारा उन्हें ट्रस्टी और मैनेजर पद से निकाल दिया गया। इस दौरान उन्होंने खुद भी रिजाइन कर दिया। जिसके बाद ट्रस्ट द्वारा नए ट्रस्टी और मैनेजर अपाइंट कर दिए गए।

### रिजाइन की बात छिपाकर लिया स्टे

एडवोकेट आदित्य जैन ने बताया कि डॉ. गुरिंदर ग्रेवाल की ओर से जुलाई के पहले हफ्ते में जगराओं की अदालत में एक याचिका दायर की गई। याचिका दायर करते हुए उन्होंने रिजाइन की बात को छिपाए रखा। उन्होंने अदालत से उन्हें ट्रस्ट से न निकालने और उनकी जगह नए ट्रस्टी न रखने संबंधी स्टे ले लिया। एडवोकेट जैन ने बताया कि उन्होंने स्टे के खिलाफ याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान अदालत को बताया गया कि डॉ. ग्रेवाल द्वार खुद लिखित में रिजाइन किया गया था, लेकिन उन्होंने कोर्ट से यह बातें छिपाकर गलत तरीके से स्टे ले लिया। सभी तथ्यों और सबूतों को जांचने के बाद अदालत द्वारा स्टे हटा दिया गया है।

## फिरोजपुर-जम्मू ट्रेन उड़ाने की साजिश नाकाम, यूके बैठे आतंकी के 17 साथी गिरफ्तार




मोहाली/यूटर्न/21 जुलाई। पंजाब पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकी साजिश का भंडाफोड़ किया है। मोगा पुलिस ने 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), विस्फोटक सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर और मैगजीन सहित 9 एमएम की ग्लॉक पिस्टल बरामद की है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस साजिश का मास्टरमाइंड इकबाल सिंह उर्फ रवि धालीवाल है, जो फिलहाल ब्रिटेन (यूके) में रह रहा है और कथित तौर पर आपराधिक गतिविधियों में शामिल है। पुलिस के मुताबिक, उसी के निर्देश पर आरोपियों ने मोगा के सदर थाना पर ग्रेनेड हमला किया था। इसके अलावा फिरोजपुर से जम्मू जाने वाली ट्रेन में आईईडी लगाकर बड़ा विस्फोट करने की भी साजिश रची गई थी। पुलिस ने इस मामले में मोगा के सदर थाने में एफआईआर दर्ज की है। पंजाब पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है। पूरे आतंकी नेटवर्क का पता लगाने और इसमें शामिल अन्य आरोपियों व सहयोगियों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म, आरोपी पर केस दर्ज, कई बार शारीरिक संबंध बनाने का आरोप, सोहाना थाने में एफआईआर दर्ज

मोहाली/यूटर्न/21 जुलाई। शादी का झांसा देकर 30 वर्षीय युवती से कई बार दुष्कर्म करने के आरोप में सोहाना थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 69 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सेक्टर-80 निवासी 30 वर्षीय युवती ने शिकायत में आरोप लगाया है कि सेक्टर-86 स्थित प्रीत सिटी निवासी गुरप्रीत सिंह ने उससे शादी का वादा किया था। आरोप है कि इसी भरोसे में उसने युवती के साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। बाद में जब आरोपी ने शादी से इनकार कर दिया तो पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की। शिकायत की जांच के बाद सोहाना थाना पुलिस ने आरोपी गुरप्रीत सिंह के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है। शिकायत में लगाए गए आरोपों के संबंध में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सीजीसी यूनिवर्सिटी के 'नेक्स्टजेन नेक्सस 2026' से नए छात्रों का भव्य स्वागत, उद्योग जगत और वैश्विक विशेषज्ञों ने दिए सफलता के मंत्र

### जया किशोरी, अंकुर वारिकू, ब्रिटिश डिप्लोमैट्स और शीर्ष कॉरपोरेट लीडर्स ने छात्रों को भविष्य की चुनौतियों और अवसरों के लिए किया प्रेरित

मोहाली/यूटर्न/21 जुलाई। सीजीसी यूनिवर्सिटी मोहाली ने नए शैक्षणिक सत्र की शुरूआत अपने प्रमुख ओरिएंटेशन कार्यक्रम 'नेक्स्टजेन नेक्सस 2026' के साथ की। कई दिनों तक चले इस आयोजन में देश-विदेश की प्रतिष्ठित हस्तियों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों, ब्रिटिश डिप्लोमैट्स, आध्यात्मिक वक्ताओं और कॉरपोरेट लीडर्स ने विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें करियर, नेतृत्व, नवाचार और वैश्विक अवसरों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया।




# एलएडीसी सिस्टम पर उठे सवालः 'युवा वकीलों के अवसर खत्म कर रही मौजूदा व्यवस्था'

### चंडीगढ़ जिला बार एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार एडवोकेट प्रतीक गर्ग ने कानूनी सहायता प्रणाली की समीक्षा की मांग उठाई

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा लागू की गई लीगल एड डिफेंस काउंसिल प्रणाली को लेकर अब युवा अधिवक्ताओं की ओर से चिंता जताई जा रही है। जिला बार एसोसिएशन, चंडीगढ़ के कोषाध्यक्ष पद के उम्मीदवार एडवोकेट प्रतीक गर्ग का कहना है कि आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कानूनी सहायता उपलब्ध कराने का उद्देश्य सराहनीय है, लेकिन मौजूदा व्यवस्था के कारण युवा और प्रथम पीढ़ी के अधिवक्ताओं



के लिए व्यावहारिक अनुभव हासिल करने के अवसर लगातार कम हो रहे हैं।

प्रतीक गर्ग ने कहा कि चंडीगढ़ समेत कई जिलों में एलएडीसी कार्यालय स्थापित होने के बाद आपराधिक कानूनी सहायता से जुड़े अधिकांश मामलों का संचालन स्थायी डिफेंस काउंसिल के माध्यम से किया जा रहा है। इससे पहले यही मामले लीगल एड पैनल में शामिल युवा वकीलों को मिलते थे, जिससे उन्हें अदालतों में बहस, जमानत याचिकाओं की पैरवी, गवाहों से जिरह और मुकदमों की सुनवाई का व्यावहारिक अनुभव मिलता था। उन्होंने कहा कि वर्षों तक लीगल एड प्रणाली युवा वकीलों के लिए अदालत में सीखने और अपनी स्वतंत्र प्रैक्टिस की शुरूआत करने का सबसे महत्वपूर्ण मंच रही है। यह केवल पारिश्रमिक का माध्यम नहीं थी, बल्कि आत्मविश्वास बढ़ाने, न्यायालयीन प्रक्रिया समझने और पेशेवर कौशल विकसित करने का अवसर भी प्रदान करती थी।

## पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान, 53 हर्बल पार्क विकसित होंगेः मुख्यमंत्री नायब सैनी

पंचकूला/यूटर्न/21 जुलाई। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रकृति की रक्षा हमारी संस्कृति और कर्तव्य का हिस्सा है। पिंजौर की एप्पल मंडी में आयोजित युवा संवाद एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में उन्होंने वन चेतना यात्रा-2026 की चार एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना




किया। ये वैन पूरे प्रदेश में लोगों को पौधारोपण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगी। मुख्यमंत्री ने मोरनी स्थित टिक्करताल को मनाली की तर्ज पर पर्वतारोहण प्रशिक्षण केंद्र के रूप में विकसित करने, मुख्यमंत्री तीर्थ योजना में एक हजार युवाओं को शामिल करने तथा युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष अधिकारी नियुक्त करने की घोषणा की।

# उपेक्षा की मार झेल रहा सुखना झील का अंतरराष्ट्रीय रोइंग कोर्स, खिलाड़ियों ने उठाए संरक्षण पर सवाल

### गाद, जलीय वनस्पतियों और रखरखाव की कमी से प्रभावित हो रहा प्रशिक्षण; 2009 में जला वॉचटावर आज तक नहीं बन सका

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। कभी देश के सबसे प्रतिष्ठित रोइंग केंद्रों में शुमार सुखना झील का 2200 मीटर लंबा, पांच लेन वाला अंतरराष्ट्रीय मानकों का रोइंग कोर्स आज बदहाल स्थिति में पहुंच गया है। खिलाड़ियों और रोइंग समुदाय का कहना है कि रखरखाव की कमी, गाद जमाव और जलीय वनस्पतियों के बढ़ते फैलाव के कारण यह विश्वस्तरीय खेल सुविधा



अपनी पहचान खोने की कगार पर है। रोइंग से जुड़े सदस्यों के अनुसार कोर्स के स्टार्टिंग प्वाइंट के आसपास कमल और अन्य जलीय पौधों की अत्यधिक वृद्धि से खिलाड़ियों को अभ्यास और प्रतियोगिताओं के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनका कहना है कि गाद जमने से पानी उथला होता जा रहा है, जिससे नावों की आवाजाही और लेन संचालन भी प्रभावित हो रहा है।

रोइंग समुदाय का दावा है कि कभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उपयोग होने वाला लगभग 2000 मीटर का मानक कोर्स अब कई राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी पूरी क्षमता से इस्तेमाल नहीं हो पा रहा। उनका आरोप है कि समय पर रखरखाव नहीं होने और झील प्रबंधन की प्राथमिकताओं में बदलाव के कारण यह स्थिति बनी है।

**17 साल बाद भी नहीं बना वॉचटावर...** रोइंग खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों की सबसे बड़ी मांग वर्ष 2009 में आग से नष्ट हुए वॉचटावर के पुनर्निर्माण की है।



पेज 12 CJP पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर मॉनसून सत्र...

# दोहरी चिंता: किसानों को महापंचायत स्थल तक पहुँचने से रोकने के लिए हरियाणा ने दिल्ली बॉर्डर सील किया

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। जंतर-मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी के विरोध प्रदर्शन जारी रहने के बीच, केंद्र सरकार को आंदोलन के मोर्चे पर एक और चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को प्रदर्शनकारी किसानों और हरियाणा सरकार के बीच एक नया टकराव देखने को मिला, क्योंकि राज्य ने भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के खिलाफ प्रस्तावित किसान महापंचायत के लिए किसानों को दिल्ली पहुँचने से रोकने के लिए मुख्य बॉर्डर पॉइंट्स को सील कर दिया। इस घटनाक्रम से राष्ट्रीय राजधानी में दो समानांतर विरोध प्रदर्शनों की संभावना बढ़ गई है, जिससे शासन से लेकर कृषि तक के मुद्दों पर राजनीतिक सरगर्मी और बढ़ गई है। शंभू बॉर्डर पर भारी पुलिस बल की तैनाती, सीमेंट के बैरिकेड्स और रास्ते रोकने के लिए रुकावटें लगाई गईं, और सुरक्षा कर्मियों ने राष्ट्रीय राजधानी की ओर बढ़ रहे किसानों के काफिलों को रोक दिया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि सरकार महापंचायत में भाग लेने से रोककर उनके विरोध करने के लोकतांत्रिक अधिकार को दबाने की कोशिश कर रही है।



## कई किसान संगठनों का समर्थन

देश बचाओ मोर्चा के बैनर तले आयोजित इस महापंचायत को कई किसान संगठनों का समर्थन मिला है। उन्हें डर है कि प्रस्तावित व्यापार समझौते से भारतीय कृषि पर सस्ते आयात का असर पड़ सकता है, जिससे किसान, खेतिहर मजदूर, पशुपालक, छोटे व्यापारी और ग्रामीण आजीविका बुरी तरह प्रभावित हो सकते हैं। किसान नेताओं ने यह चिंता भी जताई है कि आयातित कृषि उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ने से घरेलू किसानों की मोल-भाव करने की क्षमता कमजोर हो सकती है और स्थानीय स्तर पर उगाई जाने वाली फसलों की कीमतों पर दबाव पड़ सकता है।

## प्रतिबंध बिना किसी पूर्व सूचना के लगाए

- पंजाब से आ रहे किसानों ने आरोप लगाया कि ये प्रतिबंध बिना किसी पूर्व सूचना के लगाए गए थे। शंभू बॉर्डर के रास्ते दिल्ली की ओर मार्च करने की कोशिश करने से पहले, सैकड़ों प्रदर्शनकारी गुरुद्वारा श्री फतेहगढ़ साहिब में रात बिताने के बाद इकट्ठा हुए थे। कई लोगों ने दावा किया कि उन्हें बॉर्डर से कई किलोमीटर पहले ही रोक दिया गया और आगे बढ़ने से रोका गया, जबकि इस मार्च की घोषणा पहले ही कर दी गई थी। सुरक्षा उपायों के कारण अंबाला-चंडीगढ़ हाईवे पर लंबा ट्रैफिक जाम भी लग गया, क्योंकि बॉर्डर क्रॉसिंग बंद होने से यात्रियों को डायवर्जन और देरी का सामना करना पड़ा।

## पुराने किसानी आंदोलन की यादें ताजा

- इस ताजा टकराव ने हाल के वर्षों में दिल्ली की सीमाओं पर हुए लंबे किसान आंदोलनों की यादें ताजा कर दी हैं, जिसमें शंभू एक बार फिर प्रदर्शनकारी किसानों और सुरक्षा बलों के बीच टकराव का केंद्र बनकर उभरा है। किसान नेताओं ने कहा कि अगर उन्हें दिल्ली में प्रवेश करने से रोका जाता रहा, तो वे इसमें शामिल संगठनों से सलाह-मशविरा करने के बाद आगे की कार्रवाई तय करेंगे।

# संसद तक पहुंचने पर सरकार को दिखाई दिए कॉकरोच

सरकारें हाथी, शेर वगैरह को पहचानने में माहिर होती हैं, ये दोनों बड़े खतरे का प्रतीक हैं। उनके पास खुफिया एजेंसियां, ड्रोन, बैरिकेड, वॉटर कैनन और हमलावर सेना को रोकने के लिए काफी पुलिस बल होता है। लेकिन वे कॉकरोच पर ध्यान देने में उतनी माहिर नहीं होतीं। 'कॉकरोच जनता पार्टी' (सीजेपी) झ जिसका नाम किसी राजनीतिक संगठन के बजाय कॉलेज के मजाक जैसा लगता था झ को सोशल मीडिया की एक और अजीब चीज मानकर नजरअंदाज कर दिया गया। जाहिर है, कोई गंभीर आंदोलन खुद को कॉकरोच नहीं कहेगा। सत्ता में बैठे लोगों ने मजाक उड़ाया। आखिरकार, लोकतंत्र में कीड़े-मकोड़ों की वजह से किसी की नींद नहीं उड़ती। लेकिन फिर उन कीड़ों की संख्या बढ़ने लगी। सरकार को राजनीतिक कीट-विज्ञान का पहला नियम पता चला: कॉकरोच कभी अकेले नहीं आता। वह अपने रिश्तेदारों, पड़ोसियों और कुचलने की हर कोशिश के बावजूद ज़िंदा रहने की अद्भुत क्षमता के साथ आता है। जब तक दिल्ली ने बैरिकेड लगाए, तब तक यह आंदोलन लोगों की सोच में उन बैरिकेड्स को पार कर चुका था।



संदीप शर्मा, सम्पादक

एक और सबक है। सत्ता अक्सर मजाक को गैर-जरूरी समझ लेती है। राजनीति का इतिहास ऐसे आंदोलनों से भरा पड़ा है जो मजाक के तौर पर शुरू हुए और बाद में सिरदर्द बन गए। हर सत्ता को लगता है कि वह तय कर सकती है कि किस विरोध पर ध्यान देना चाहिए। लेकिन जनता की सोच अक्सर अलग होती है। विडंबना मजेदार है। जो सरकार अपनी तकनीकी क्षमता, डेटा एनालिटिक्स और निगरानी पर गर्व करती है, उसने शासन के सबसे पुराने सिद्धांत को नजरअंदाज कर दिया: जिन शिकायतों को नजरअंदाज किया जाता है, वे शायद ही कभी गायब होती हैं। वे बस अपना रूप बदल लेती हैं।

सीजेपी सफल होती है या खत्म हो जाती है, यह बात लगभग गौण है। उसने पहले ही कुछ बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण हासिल कर लिया है। उसने सरकार को एक ऐसे आंदोलन पर प्रतिक्रिया देने के लिए मजबूर किया है जिसे उसने कभी जवाब देने लायक भी नहीं समझा था। शायद राजनीति में सबसे महंगी गलती विरोधी को बहुत ज्यादा आंकना नहीं है। बल्कि उसका मजाक उड़ाना है। सरकारों के लिए, असली मुसीबत शायद ही कभी कॉकरोच होती है। असली मुसीबत होती है आत्म-संतुष्टि।

# 'डंकी रूट' पर अब नहीं बची गुंजाइश, ट्रंप की सख्त नीति से पंजाब के युवाओं के लिए अमेरिका पहुंचना हुआ मुश्किल

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। अमेरिका में अवैध तरीके से प्रवेश कर बसने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए हालात पहले से कहीं अधिक कठिन हो गए हैं। अमेरिका के इमिग्रेशन कानून विशेषज्ञ एवं अटॉर्नी जसप्रीत सिंह ने कहा कि ट्रंप प्रशासन की सख्त इमिग्रेशन नीतियों के बाद मैक्सिको बॉर्डर के जरिए अमेरिका पहुंचने वाले लोगों के लिए पैरोल, वर्क परमिट या स्थायी निवास हासिल करने की संभावनाएं लगभग खत्म हो चुकी हैं। चंडीगढ़ प्रेस क्लब के 'रूबरू' कार्यक्रम में 'अंतरराष्ट्रीय प्रवासन की बदलती तस्वीर, भारत-अमेरिका संबंध और पंजाब पर इसका प्रभाव' विषय पर बोलते हुए जसप्रीत सिंह ने कहा कि बाइडेन प्रशासन के दौरान बड़ी संख्या में पंजाब, हरियाणा और अन्य राज्यों के लोग मैक्सिको सीमा के रास्ते अमेरिका पहुंचे थे। उस समय पैरोल और बॉन्ड जैसी कानूनी राहत अपेक्षाकृत आसानी से मिल जाती थी, लेकिन अब सीमा सुरक्षा को लेकर अपनाई गई सख्ती के कारण स्थिति पूरी तरह बदल चुकी है।

उन्होंने बताया कि अब अवैध रूप से सीमा पार करने वाले लोगों को हिरासत में लेकर



तेजी से डिपोर्ट किया जा रहा है। यहां तक कि जिन लोगों के पास ग्रीन कार्ड या अमेरिकी नागरिकता नहीं है, वे भी जांच एजेंसियों की कार्रवाई के दायरे में आ सकते हैं। ऐसे मामलों में राहत के लिए अब फेडरल कोर्ट में हैबियस कॉर्पस जैसी कानूनी प्रक्रिया अपनानी पड़ती है। उनका दावा था कि उनकी टीम ने पिछले दो महीनों में ऐसे 100 से अधिक मामलों में कानूनी सहायता उपलब्ध कराई है।

जसप्रीत सिंह ने कहा कि पिछले दो वर्षों में रिवर्स माइग्रेशन भी बढ़ा है। कई लोग डिपोर्ट होकर भारत लौटे हैं, जबकि कई अन्य कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद वापस आए हैं। उन्होंने युवाओं को सलाह दी कि विदेश जाने के लिए केवल वैध वीजा का ही सहारा लें और वीजा की शर्तों का पूरी तरह पालन करें। विजिटर वीजा पर काम करना या छात्र वीजा लेकर पढ़ाई छोड़ देना भविष्य में गंभीर कानूनी परेशानियों का कारण बन सकता है।

उन्होंने कहा कि पहले अमेरिका पहुंचकर वीजा स्टेटस बदलना या विवाह के जरिए ग्रीन कार्ड हासिल करना अपेक्षाकृत आसान माना जाता था, लेकिन अब नियम काफी सख्त हो चुके हैं। ऐसे में विदेश जाने से पहले किसी तकनीकी या व्यावसायिक कौशल में दक्षता हासिल करना युवाओं के लिए अधिक फायदेमंद रहेगा।

भारत-अमेरिका संबंधों पर उन्होंने कहा कि अमेरिका में भारतीय समुदाय मेहनती, कानून का पालन करने वाला और भरोसेमंद माना जाता है। सिलिकॉन वैली सहित कई हाई-टेक क्षेत्रों में भारतीय पेशेवरों का महत्वपूर्ण योगदान है। हालांकि नई इमिग्रेशन नीतियों का असर एच-1बी वीजा धारकों सहित अन्य वैध प्रवासियों पर भी किसी न किसी रूप में पड़ रहा है।

# कुणाल कपूर की माता परवीन कपूर का निधन, रस्म पगड़ी आज

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। कुणाल कपूर की माता परवीन कपूर का कुछ दिन पूर्व बीमारी के चलते देहांत हो गया था। वह वरिष्ठ उद्योगपति रमेश कपूर (बावा) की धर्मपत्नी और कुणाल कपूर की माता थीं। परवीन कपूर की रस्म पगड़ी एवं उठाला 22 जुलाई 2026 (बुधवार) को दोपहर 1:00 बजे से 2:00 बजे तक दुर्गा माता मंदिर, बीआरएस नगर मेन रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी (सानेट), भाई रणधीर सिंह नगर, लुधियाना में आयोजित किया जाएगा।



## Happy Birthday



कीर्ति

# कीमती लाल जैन परिवार की ओर से श्री गोविन्द गौधाम में ध्वज पूजन व भव्य पालकी यात्रा



लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। लुधियाना हंबड़ा रोड स्थित श्री गोविन्द गौधाम के बैकुंठीय वातावरण में लुधियाना के प्रमुख समाजसेवी एवं उद्योगपति चेली राम कीमती लाल जैन परिवार की ओर से राजेश जैन बॉबी और राज कुमार जैन के नेतृत्व में भगवान श्री राधा-गोविन्द जी के ध्वज पूजन एवं पालकी यात्रा का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और भगवान श्री राधा-गोविन्द के जयकारों से पूरा गौधाम परिसर भक्तिमय हो उठा। पालकी यात्रा के दौरान सुंदरदास धमीजा, अशोक धवन, मनोहर वर्मा, राज गोयल, प्रमोद दीवान, अश्विनी ग्रोवर, पंडित राजकुमार शर्मा, सुभाष जिंदल, बसंत कुमार, डॉ. अश्विनी गुप्ता (अलटोस), अनूप सग्गड़, दीपक जैन और प्रवीण अग्रवाल (एम.के.), दर्शन लाल बवेजा, बिट्टू गुंबर, विकास गोयल विक्की, विपन जैन, अशोक थापर, मोहन गुप्ता, संजीव गुप्ता, अनिल अग्रवाल, सोनी वालिया आदि सहित अन्य श्रद्धालुओं ने भगवान श्री राधा-गोविन्द का गुणगान कर वातावरण को भक्तिरस से सराबोर कर दिया।

## रूह से रूबरू





चारु नागपाल

### एक डर-परिवर्तन कहीं हमारी शांति न छीन ले।

राजनीति का खेल इतना रोचक है कि कभी कभी आप जान ही नहीं पाते कि कौन किस पर इल्जाम लगा रहा है? कौन वकील है और कौन मुजरिम? सभी कटघरे में एक दूसरे पर ऊंगली ताने खड़े हैं। जनता बेचारी कभी इस तरफ तो कभी उस तरफ का तमाशा देख देखकर हार जाती है और अपने मन में किसी एक नेता को अपना भगवान मान लेती है। बस इसी चक्कर में मासूम जनता बेचारी परिवर्तन की उम्मीद जगा लेती है पर उसे खुद ही पता नहीं चलता कि वो इस परिवर्तनके चक्करसमाज के ऐसे वर्ग से दुश्मनी पाल लेती है जो कभी भी उसका अहितकर सकता है। जनता का हर वर्ग परिवर्तन चाहता है और इसके लिए सरकार की मदद भी करना चाहता है और बहुत बार ईमानदार नेता भी जनता के बीच आ जाते हैं जो उनकी मदद के लिए सदा तैयार रहते हैं पर इन सामाजिक परिवर्तनों को करवाने की एवज में जनता नहीं चाहती कि बीच के शक्तिशाली वर्ग से कोई भी पंगा लेकर वो अपनी सुखद जिन्दगी को बर्बाद कर ले बस इसी कारण आम आदमी का अगर कोई जागरूक इन्सान कुछ परिवर्तन चाहता है और सरकार के किसी चुने हुए करिन्दे तक अपनी बात पहुँचाता भी है तो भी वो अंदर ही अंदर अपना नाम कहीं प्रकाशित न हो जाए इस बात से डरता है क्योंकि आम नागरिक इसकी एवज में जिन समस्याओं का सामना कर सकता है वो शायद ऊपर के लोग समझ नहीं पाएँगे। ऐसा नहीं कि लोग सामाजिक परिवर्तनों के प्रति जागरूक नहीं हैं पर हर किसी को अपने जीवन में सामाजिक शांति की भी आवश्यकता है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**क्या QR Code Scan करने से बैंक खाता खाली हो सकता है?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

आजकल UPI Payment के लिए QR Code का इस्तेमाल बहुत आम हो गया है। लेकिन इसी का फायदा उठाकर ठग लोगों को नकली QR Code भेजकर धोखाधड़ी भी कर रहे हैं।

सबसे पहले यह समझना जरूरी है कि सिर्फ दफउङ्गी स्कैन करने से आपके खाते से पैसे नहीं कटते। धोखाधड़ी तब होती है, जब QR Code Scan करने के बाद आप बिना समझे UPI PIN डाल देते हैं या Payment को Confirm कर देते हैं।

अक्सर ठग कहते हैं कि 'पैसे लेने के लिए QR Code Scan करें।' जबकि वास्तविकता यह है कि पैसे प्राप्त करने (Receive Money) के लिए QR Code Scan करने की जरूरत नहीं होती। QR Code Scan करके UPI PIN डालने का मतलब अक्सर पैसे भेजना (Send Money) होता है, न कि पैसे लेना।

यदि किसी अनजान व्यक्ति ने आपको QR Code भेजा है और स्कैन करने के लिए कहा है, तो पहले पूरी जानकारी जांच लें। किसी के कहने पर जल्दबाजी में UPI PIN कभी न डालें।

यदि ऐसी धोखाधड़ी हो जाए, तो तुरंत अपने बैंक से संपर्क करें और 1930 Cyber Helpline या National Cyber Crime Reporting Portal पर शिकायत दर्ज करें।

निष्कर्ष: याद रखें—पैसे लेने के लिए QR Code Scan नहीं किया जाता। किसी भी अनजान QR Code को Scan करने और UPI PIN डालने से पहले पूरी सावधानी बरतें। छोटी-सी लापरवाही से बड़ी आर्थिक हानि हो सकती है।

# मुरथल में कार्यकर्ताओं संग भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने किया सहभोज, बूथ सशक्तिकरण पर दिया जोर



चंडीगढ़/सोनीपत/यूटर्न/21 जुलाई। भाजपा हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने मंगलवार को सोनीपत के मुरथल शक्ति केंद्र पर बूथ संख्या 34, 35, 36 और 37 के कार्यकर्ताओं के साथ टिफिन बैठक की। वह अपने घर से टिफिन लेकर पहुंचीं और कार्यकर्ताओं के साथ भोजन साझा करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा की।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि प्रदेश के सभी 4,729 शक्ति केंद्रों पर टिफिन बैठकों का आयोजन किया गया है। इन बैठकों का उद्देश्य कार्यकर्ताओं के बीच आत्मीयता बढ़ाना, संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करना तथा सरकार और जनता के बीच प्रभावी सेतु बनाना है।

# 5 घंटे की मैराथन समीक्षा बैठक में मेयर सौरभ जोशी का सख्त संदेश, लंबित विकास कार्यों के लिए तय की समयसीमा

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। शहर में विकास कार्यों में तेजी लाने और अधिकारियों की जवाबदेही तय करने के उद्देश्य से मंगलवार को मेयर सौरभ जोशी ने नगर निगम के इंजीनियरिंग विंग के साथ करीब पांच घंटे तक मैराथन समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर के सभी लंबित विकास कार्यों की विस्तार से समीक्षा करते हुए प्रत्येक परियोजना के शुरू होने की समयसीमा तय की गई। बैठक में मुख्य अभियंता संजय अरोड़ा, सभी सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, एसडीई और जेई मौजूद रहे। सेक्टरवार और वार्डवार आधार पर चल रहे कार्यों, स्वीकृत परियोजनाओं, लंबित टेंडरों, आवंटन की प्रतीक्षा कर रहे कार्यों और विभिन्न आधारभूत ढांचा परियोजनाओं की स्थिति का आकलन किया गया। मेयर ने पहली बार जनरल हाउस और वित्त एवं अनुबंध समिति (एफ एंड सीसी) से स्वीकृत प्रस्तावों और अनुमानों की एक्शन टेकन रिपोर्ट (एटीआर) की भी विस्तृत समीक्षा कराई।




# बीवीएम स्कूल में 9वीं क्लास के स्टूडेंट से टीचर ने की मारपीट, अस्पताल दाखिल, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। शहीद उधम सिंह नगर स्थित भारती विद्या मंदिर स्कूल में एक पुरुष टीचर ने क्रूरता की सभी हदें पार कर डाली। टीचर ने 9वीं क्लास के स्टूडेंट के साथ बुरी तरह से मारपीट की। उसकी इस कदर पिटाई की कि बच्चे के पेशाब से खून आने लगा। पिटाई के बाद घर पहुंचने पर बच्चे की हालत बिगड़ गई। उसने सारी बात अपने परिवार वालों को बताई। जिसके बाद उसे सिविल अस्पताल दाखिल कराया गया। थाना डिवीजन नंबर आठ की पुलिस ने लक्कड़ बाजार के रुपेश बांसल की शिकायत पर हैबोवाल कलां के अनिल अग्रवाल खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसका 13 साल का बेटा प्रांशु बांसल बीवीएम स्कूल में 9वीं क्लास में पढ़ता है। वह रोजाना की तरह स्कूल गया था। वहां पर टीचर ने उसे लैब में बंद करके बुरी तरह से पीटा। जिसके बाद किसी को बताने पर जान से मारने की धमकियां दी। लेकिन बच्चा जब घर पहुंचा तो अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। जिसके बाद उसने अपनी मां को सारी बात बताई।



टीचर अनिल अग्रवाल



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई घटना

## सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई घटना

घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें टीचर छात्र को पीटता दिख रहा है। पुलिस के मुताबिक, बच्चा क्लास में शरारत कर रहा था। वहीं, स्कूल के प्रिंसिपल का कहना है कि टीचर को 10 दिन के लिए सस्पेंड कर दिया गया है। उससे इस मारपीट के लिए जवाब भी मांगा गया है। टीचर से बात भी की गई थी, जिसमें उसने बताया है कि बच्चे उसे डोरेमोन बुला रहे थे। गुस्से में उसने बच्चे को पीट दिया। हालांकि अभी टीचर की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

# कांग्रेसी पार्षद को विदेशी नंबर से मिली धमकियां, व्हॉट्सएप पर कॉल करके जातिसूचक शब्द बोले, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। लुधियाना के वॉर्ड 26 से कांग्रेस पार्टी के पार्षद गौरव भट्टी को विदेशी मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप कॉल पर जान से मारने की धमकी मिली है। कॉलर ने पार्षद को जातिसूचक शब्द बोले। जिसके बाद परिवार की महिलाओं के खिलाफ भी गलत टिप्पणी की। जिसके बाद कॉलर द्वारा एक धमकी भरी ऑडियो भी भेजी गई। जिसके चलते नेता द्वारा इस संबंधी पुलिस को सूचित किया गया। थाना फोकल प्वाइंट पुलिस ने पार्षद गौरव भट्टी की शिकायत के आधार पर विनय कुमार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस को दिए बयान में वार्ड नंबर 26 के कांग्रेस पार्षद गौरव भट्टी ने बताया कि 22 जून को उनके व्हाट्सएप पर एक विदेशी नंबर से कॉल आई थी। यह नंबर कजाकिस्तान का दिखाई दे रहा था। कॉल रिसीव करते ही आरोपी ने उनके साथ गाली-गलौच करनी शुरू कर दी। पार्षद के अनुसार, आरोपी ने उन्हें गंभीर परिणाम भुगतने की धमकियां दीं और उनकी जाति को लेकर जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया। इसके अलावा, आरोपी ने उनके परिवार की महिलाओं के खिलाफ भी बेहद आपत्तिजनक और अश्लील भाषा का प्रयोग किया। पार्षद गौरव भट्टी ने पुलिस को बताया कि फोन कॉल कटने के बाद भी आरोपी ने उन्हें परेशान करना जारी रखा। आरोपी ने उनके व्हाट्सएप नंबर पर कई धमकी भरे ऑडियो मैसेज भेजे, जिनमें उन्हें और उनके परिवार को नुकसान पहुंचाने की बातें कही गई थीं।



# भाजपा के नवनियुक्त जिला प्रधान का शिवपुरी मंडल ने किया सम्मान, दी शुभकामनाएं

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। बीजेपी के शिवपुरी मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक मंडल प्रधान अशोक राणा की अध्यक्षता में उनके निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक में विशेष रूप से भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपप्रधान राजवीर सिद्धू अपने साथियों सहित उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए मंडल प्रधान अशोक राणा ने कहा कि बिना एकता के कोई भी मोर्चा या संघर्ष नहीं जीता जा सकता। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का आधार कार्यकताओं की आपसी एकजुटता है और इसी शक्ति के बल पर हर चुनौती का सफलतापूर्वक सामना किया जा सकता है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से संगठन हित को सर्वोपरि रखते हुए मिल-जुलकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा एससी मोर्चा के जिला उपप्रधान राजवीर सिद्धू ने भी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की सफलता और संगठन की मजबूती के लिए आपसी एकता, समर्पण और सामूहिक प्रयास बेहद आवश्यक हैं। इस अवसर पर शिवपुरी मंडल प्रधान अशोक राणा, युवा भाजपा नेता राजेश राणा, एससी जिला उप प्रधान राजवीर सिद्धू, मनोज आहूजा, संजीव शर्मा ,राजन डेडे, जातिंदर वशिष्ठ, रजिंदर राणा शर्मा, पोपले, सतीश छाबड़ा, राहुल अरोड़ा, दविंदर जीत, सुखविंदर सिंह चौहान, भूषण मट्टू काली आदि उपस्थित हुए।



# मंदिर में घुसकर अज्ञात व्यक्ति ने मूर्ति की खंडित, मामला दर्ज




लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। हैबोवाल के जावंद विहार की गली नंबर तीन में स्थित शिव शक्ति मंदिर में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा घुसकर भगवान शिवजी की मूर्ति खंडित कर दी गई। थाना हैबोवाल की पुलिस ने जवंद विहार के सुभाष चंद्र की शिकायत पर मामला दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में सुभाष चंद्र ने बताया कि वह शिव शक्ति मंदिर कमेटी का प्रधान है। उनके अनुसार एक अज्ञात व्यक्ति रात को करीब आठ बजे मंदिर में घुसा। जिसके बाद उसने मंदिर में पड़ा स्टील का प्रसाद वाला डिब्बा उठाकर भगवान शिवजी की मूर्ति पर मारा। जिससे मूर्ति खंडित हो गई। जिसके बाद आरोपी वहां से भाग निकला। पुलिस द्वारा इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। पुलिस आरोपी का पता लगा रही है।

# सनातन धर्म के ग्रंथो, देवी-देवताओं के स्वरुपों की बेअदबी रोकने के लिए बने सख्त कानून - बांसल

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। भाजपा नेता प्रवीण बांसल ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को पत्र लिख कर बेअदबी रोकथाम कानून में हिन्दू धर्म के ग्रंथो, देवी-देवताओ के स्वरुपों की बेअदबी रोकने के लिए विधानसभा में 14 जुलाई 2025 को पारित कानून में शामिल करने की मांग की। बांसल ने कहा सनातन धर्म के मंदिरों में देवी-देवताओ के स्वरुपों की प्राण प्रतिष्ठा कर साक्षात भगवान के रुप में पूजन होता है। वहीं सनातन धर्म में प्रजिजवित होने वाली पावन ज्योति को भी साक्षात देवी-देवताओ का स्वरुप के रुप में देखा जाता है। उन्होने सरकार से सभी धार्मिक ग्रंथो, देवी-देवताओ के स्वरुपों की बेअदबी रोकने के लिए कानून बनाने के मांग की है। बांसल ने श्री हिन्दू न्याय पीठ की तरफ से बेअदबी कानून में संशोधन किए जाने की मांग में 9 अगस्त को की जा रही एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल का समर्थन करते हुए, हर सनातनी को उसमें शामिल होने की अपील की।



# डीसी हिमांशु जैन ने सुनी उद्योगों की समस्याएं, अगले सप्ताह करेंगे इंडस्ट्रियल एरिया का दौरा

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। डीआईसी लुधियाना के जनरल मैनेजर सुखविंदर सिंह रेखी के प्रयासों से मंगलवार को डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन और विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उद्योग जगत से जुड़े कई अहम मुद्दों और विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई। औद्योगिक प्रतिनिधियों ने नगर निगम से संबंधित समस्याओं, नेशनल हाईवे के दोनों ओर बनी सर्विस लेनों की जर्जर स्थिति, ढंडारी रेलवे स्टेशन के सामने बढ़ते ट्रैफिक को देखते हुए बड़े ओवरब्रिज के निर्माण की जरूरत तथा ग्यासपुरा रेलवे फाटक पर ट्रेनों के लगातार आवागमन के कारण लगने वाले लंबे जाम का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि इन समस्याओं के कारण उद्योगों को कच्चे माल की आपूर्ति और तैयार माल की ढुलाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में उद्योगों के लंबित भुगतान, बुनियादी ढांचे की कमियों और अन्य प्रशासनिक समस्याओं से भी डिप्टी कमिश्नर को अवगत कराया गया। ढंडारी इंडस्ट्रियल वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनाम सिंह मक्कड़ ने उद्योगों की ओर से प्रमुख मांगों और समस्याओं को प्रशासन के समक्ष रखा। बैठक में फीको के प्रतिनिधि गुरमीत सिंह कुलार सहित विभिन्न औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारी भी मौजूद रहे। डिप्टी कमिश्नर हिमांशु जैन ने सभी समस्याओं का जल्द समाधान करने का भरोसा दिया।



# 2027 चुनाव से पहले पंजाब की पंथक राजनीति में नया मोड़, झुंदां गुट ने बनाई अलग राह; 'सवारिस पंजाब दे' से किया गठबंधन

चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। पंजाब की पंथक राजनीति में मंगलवार को एक अहम राजनीतिक बदलाव देखने को मिला। शिरोमणि अकाली दल (पुनर सुरजीत) के वरिष्ठ नेता इकबाल सिंह झुंदां ने अपने समर्थक नेताओं के साथ पार्टी से अलग होने की घोषणा की। झुंदां सहित 15 नेताओं ने नया गुट बनाने का ऐलान करते हुए ह्यवारिस पंजाब देह्न के साथ राजनीतिक तालमेल की घोषणा की। इस फैसले को 2027 के पंजाब विधानसभा चुनाव से पहले पंथक राजनीति में उभरते नए समीकरण के रूप में देखा जा रहा है। झुंदां ने कहा कि पंजाब और सिख समुदाय के सामने कई गंभीर चुनौतियां हैं, जिनका समाधान केवल मजबूत और स्पष्ट नेतृत्व से ही संभव है। उनका कहना था कि अब समय आ गया है कि पंथक ताकतें एकजुट होकर साझा एजेंडे के साथ आगे बढ़ें।



उन्होंने कहा कि 'वारिस पंजाब दे' के नेतृत्व में विभिन्न पंथक संगठनों और विचारधाराओं को एक मंच पर लाने की क्षमता दिखाई देती है। इसी सोच के साथ उनके गुट ने इस राजनीतिक साझेदारी का फैसला किया है। झुंदां ने दावा किया कि उनका उद्देश्य पंजाब और सिख समुदाय से जुड़े मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना, पंथक संगठनों के बीच समन्वय बढ़ाना और जनहित के मुद्दों पर संयुक्त रूप से काम करना है।

सूत्रों के अनुसार, शिअद (पुनर सुरजीत) के भीतर लंबे समय से संगठन की कार्यप्रणाली, नेतृत्व और राजनीतिक दिशा को लेकर असंतोष बना हुआ था। इसी पृष्ठभूमि में झुंदां और उनके समर्थकों ने अलग राह चुनने का फैसला किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस घटनाक्रम से शिअद (पुनर सुरजीत) की संगठनात्मक स्थिति प्रभावित हो सकती है। वहीं, 'वारिस पंजाब दे' के साथ इस नए गठबंधन ने आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पंथक राजनीति में संभावित नए राजनीतिक समीकरणों की चर्चा तेज कर दी है।

## 83 लाख की क्रिप्टो ट्रेडिंग ठगी में दो और आरोपी गिरफ्तार, साइबर गैंग के चार सदस्य अब तक पुलिस की गिरफ्त में

पंचकूला/यूटर्न/21 जुलाई। क्रिप्टो ट्रेडिंग में मोटे मुनाफे का झांसा देकर 83.22 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह पर पंचकूला साइबर पुलिस ने एक और बड़ा प्रहार किया है। मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिसके बाद इस हाई-प्रोफाइल साइबर फ्रॉड केस में गिरफ्तार आरोपियों की संख्या बढ़कर चार हो गई है।



पुलिस कमिश्नर पंकज नैन के नेतृत्व में चलाए जा रहे साइबर अपराध विरोधी अभियान के तहत थाना साइबर क्राइम, सेक्टर-20 की टीम ने विष्णु उर्फ बिल्ला (फतेहाबाद) और सूर्या (हिसार) को गिरफ्तार किया। इससे पहले इसी मामले में दीपक और सुनील कुमार को गिरफ्तार किया जा चुका है। डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि जांच में सामने आया कि शिकायतकर्ता के बेटे से सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर उसे क्रिप्टो ट्रेडिंग में भारी मुनाफे का लालच दिया गया। आरोपियों ने फर्जी ट्रेडिंग वेबसाइट, व्हाट्सएप चैट और खुद को ट्रेडिंग विशेषज्ञ बताकर पहले उसका विश्वास जीता। शुरूआती लेनदेन में लाभ दिखाने के बाद निवेश, कमीशन, वेरिफिकेशन फीस और अन्य शुल्क के नाम पर अलग-अलग बैंक खातों और यूपीआइ आईडी में लगातार पैसे जमा करवाए गए। पुलिस के अनुसार, इस सुनियोजित साइबर ठगी में पीड़ित से 83,22,928 रुपये हड़प लिए गए। जांच में यह भी खुलासा हुआ कि ठगी की रकम फर्जी और किराये पर लिए गए बैंक खातों के जरिए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर की जा रही थी, ताकि पैसों का स्रोत छिपाया जा सके। पहले गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर थाना प्रभारी युद्धवीर सिंह के नेतृत्व में साइबर पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्यों तक पहुंच बनाई और दोनों नए आरोपियों को गिरफ्तार किया। दोनों को अदालत में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य सदस्यों, बैंक खाता उपलब्ध कराने वालों और ठगी की रकम के अंतिम लाभार्थियों की पहचान करने में जुटी है।

## एसडीएम बदल दीन जी का 'कुदरत दे राखे ट्रस्ट' द्वारा हुआ भव्य स्वागत

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/21/जुलाई। बदला हुआ परिवेश और सेवा की मिसाल हाल ही में, 'कुदरत दे राखे ट्रस्ट' के सदस्यों द्वारा एसडीएम बदलन दीन जी का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह मुलाकात क्षेत्र में सामाजिक कार्यों और जनकल्याण के मुद्दों पर केंद्रित रही, जहाँ ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने प्रशासन के साथ मिलकर जरूरतमंदों की भलाई के लिए पूरी निष्ठा से काम करने का संकल्प दोहराया।

इस गरिमामयी अवसर पर ट्रस्ट के प्रमुख पदाधिकारी और गणमान्य सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे:



चेयरमैन: राजेंद्र जैन काका
प्रधान: कन्हैया गुप्ता (बांका)
खजांची (कैशियर): साहिल गुप्ता
विशेष उपस्थिति: नरेश वर्मा एवं सुशील जैन

समाज हित में निरंतर प्रयास

स्वागत समारोह के दौरान ट्रस्ट के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए वक्ताओं ने कहा कि प्रशासन और सामाजिक संस्थाओं के आपसी तालमेल से समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंचाई जा सकती है। एसडीएम बदल दीन जी ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिया। इस दौरान उपस्थित सभी सदस्यों ने क्षेत्र के विकास और सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर कार्य करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया।

# व्यक्ति ने लुधियाना मेयर पर लगाए आरोप, खुद को कजिन बता साढ़े 12 लाख वापिस न करने की कही बात, बिना परमिशन बनाई वीडियो

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। लुधियाना की मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर पर उनके कजिन ने साढ़े 12 लाख रुपए न देने के आरोप लगाए हैं। उनका आरोप है कि मेयर द्वारा 14 साल पहले उनसे पैसे लिए थे, लेकिन अभी तक वापिस नहीं किए हैं। कजिन के इन आरोपों की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। हालांकि कजिन द्वारा दिल्ली रेलवे स्टेशन पर गलत तरीके से मेयर और उनके पति रवि आनंद उर्फ लक्की की बिना परमिशन के वीडियो बनाने का प्रयास भी किया। जिस कारण दोनों पक्ष में बहस भी हुई। हालांकि मेयर द्वारा इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया गया है। उन्होंने बताया कि जोगिंदर सिंह के खिलाफ दिल्ली और लुधियाना दोनों जगहों पर पुलिस को शिकायत दे दी गई है। जानकारी के अनुसार आरोप लगाने वाला व्यक्ति जोगिंदर सिंह खुद को मेयर का कजिन बताता है।

### मेयर इंद्रजीत कौर ने सभी आरोपों से किया इंकार





**घर खरीदने को दी थी पेमेंट...**जोगिंदर सिंह ने आरोप लगाया कि मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर उसके चाचा की बेटी हैं। 2012 में उसके नाना का देहांत हुआ, तो मेयर और उनके परिवार ने उन्हें लखनऊ से वापस दोराहा आकर बसने की सलाह दी। उनके परिवार ने लखनऊ का घर बेचकर दोराहा में नया घर लेने के लिए साढ़े 12 लाख रुपए मेयर के परिवार के खाते में ट्रांसफर किए थे। जोगिंदर का आरोप है कि मेयर के परिवार ने उन्हें न तो दोराहा में घर दिलाया और न ही पैसे वापस लौटाए। वह पिछले 14 साल से अपने पैसे मांग रहा है और कई बार फोन भी कर चुका है, लेकिन पैसे नहीं दिए जा रहे।

**बिना परमिशन के वीडियो बनाने पर हुआ विवाद...**वहीं मेयर और उनके पति किसी काम से दिल्ली गए थे। वहां पर जोगिंदर सिंह द्वारा रेलवे स्टेशन पर बिना परमिशन के उनकी वीडियो बनानी शुरू कर दी गई। जिस पर रवि आनंद द्वारा उन्हें रोकने का भी प्रयास किया गया। लेकिन इस बीच दोनों पक्ष में तीखी बहस हुई।

**दूसरे व्यक्ति से बनवाई वीडियो...**मेयर व उनके पति दिल्ली स्टेशन पर टिकट विंडो पर खड़े थे। इस दौरान जोगिंदर सिंह ने वीडियो बनाई। वीडियो में जोगिंदर वेटिंग एरिया में बैठा है। जोगिंदर ने जैसे ही मेयर और उनके पति को देखा, उसने अपना कैमरा ऑन किया और उनका वीडियो बनाना शुरू कर दिया। जोगिंदर ने अपना मोबाइल किसी दूसरे व्यक्ति को पकड़ाया और कहा कि वीडियो अच्छे से बनाए ताकि दोनों साफ दिखें व बातचीत की आवाज भी आए। वीडियो बनाने वाला व्यक्ति डर रहा था और कह रहा था कि कहीं कोई गड़बड़ न हो जाए। जब वे गेट के बाहर पहुंचे, तो जोगिंदर उनके पीछे आया और मोबाइल हाथ में लेकर उनके पास दौड़ा।

**ब्लैकमेल कर रहा है जोगिंदर सिंह...**मेयर प्रिंसिपल इंद्रजीत कौर का कहना है कि उनका जोगिंदर सिंह के साथ कोई रिश्ता ही नहीं है। उसकी ओर से बिना वजह परेशान किया जा रहा है। आज मेयर बनने पर ऐसे लोग खुद को जबरन रिश्तेदार बताकर झूठे आरोप लगा रहे हैं। जोगिंदर द्वारा ब्लैकमेल किया जा रहा है। बिना परमिशन के वीडियो बनाना गलत है। इस संबंधी पुलिस को शिकायत दे दी गई है।

# सफाई सेवकों की हड़ताल का 14वां दिन

## नंगला में फूंका मुख्यमंत्री का पुतला, संघर्ष और तेज करने की चेतावनी

-चरणजीत सिंह चन्न-
जगरांव/यूटर्न/21/जुलाई। पंजाब में सफाई सेवकों और म्युनिसिपल कर्मचारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल आज 14वें दिन में प्रवेश कर गई है। जिला प्रधान अरुण गिल के नेतृत्व में कर्मचारियों ने नंगल (जो कि स्थानीय निकाय मंत्री हरजोत सिंह बैंस का विधानसभा क्षेत्र है) में जोरदार प्रदर्शन किया और पंजाब सरकार के खिलाफ उग्र नारेबाजी करते हुए मुख्यमंत्री का पुतला फूंका।



### हड़ताल वापस लेने से इंकार

यूनियन ने दो-टूक शब्दों में कहा है कि जब तक मांगों का ठोस और स्थायी समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक हड़ताल किसी भी सूरत में समाप्त नहीं की जाएगी।

### सरकार पर तानाशाही का आरोप

यूनियन नेताओं ने रोष व्यक्त किया कि इतने दिन बीत जाने के बावजूद पंजाब सरकार ने कर्मचारियों की जायज मांगों पर कोई ध्यान नहीं दिया है, बल्कि उनकी अनदेखी कर तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है।

### 81 संगठनों का समर्थन

*इस संघर्ष को और अधिक बल देते हुए अब 81 विभिन्न संगठनों ने भी इस लड़ाई का समर्थन करने का आधिकारिक ऐलान कर दिया है।*

**संघर्ष का दायरा बढ़ाने की अपील:** यूनियन ने म्युनिसिपल काउंसिलों, नगर पंचायतों और नगर निगमों के उन तमाम कर्मचारियों से भी हड़ताल में शामिल होने की अपील की है जो अभी तक इस मोर्चे का हिस्सा नहीं बने हैं।

**चेतावनी:** यूनियन ने पंजाब सरकार को स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले दिनों में आंदोलन को और अधिक व्यापक और तीव्र किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी।

# बिजली कर्मचारियों का हल्ला बोल-जगरांव डिवीजन में 'सामूहिक छुट्टी' से कामकाज ठप

## सरकार और पावरकॉम के खिलाफ फूटा गुस्सा



-चरणजीत सिंह चन्न-
जगरांव/यूटर्न/21/जुलाई। पंजाब सरकार और पावरकॉम मैनेजमेंट द्वारा कर्मचारियों की मानी गई मांगें लागू न किए जाने से खफा बिजली कर्मचारियों ने उग्र तेवर अपना लिए हैं। ज्वॉइंट फोरम पंजाब, मुलाजिम एकता मंच और एसोसिएशन ऑफ जूनियर इंजीनियर के आह्वान पर जगरांव डिवीजन के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण, शहरी, सिद्धवां बेट और सिद्धवां खुर्द उप-मंडलों में 21 और 22 जुलाई के लिए सामूहिक छुट्टी लेकर पूर्ण हड़ताल शुरू कर दी गई है, जिससे तमाम कामकाज पूरी तरह ठप हो गया है।

**सरकार और मैनेजमेंट के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन:** टी.एस.यू. के डिवीजन प्रधान अवतार सिंह क्लेर और एसोसिएशन ऑफ जूनियर इंजीनियर के राज्य नेता इंजीनियर गुरप्रीत सिंह मल्ली की अगुवाई में कर्मचारियों ने पावरकॉम मैनेजमेंट और पंजाब सरकार के खिलाफ जमकर भड़ास निकाली और रोषपूर्ण नारेबाजी की।

आंदोलित कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि पंजाब सरकार कर्मचारियों का 18% डी.ए. (महंगाई भत्ता) और बकाया जारी करने में आनाकानी कर रही है। पावरकॉम मैनेजमेंट ने बैठक में मांगें तो मान ली थीं, लेकिन उन्हें जमीन पर लागू नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

**कड़े संघर्ष की चेतावनी:** कर्मचारी नेताओं ने दो टूक शब्दों में कहा कि यदि सरकार और मैनेजमेंट ने जल्दबाजी दिखाते हुए मानी गई मांगें लागू नहीं कीं, तो कर्मचारियों को मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा। साथ ही, चेतावनी दी कि जरूरत पड़ने पर 21-22 जुलाई की इस हड़ताल को आगे भी बढ़ाया जा सकता है।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान सुखविंदर सिंह काउंके, परमजीत सिंह चीमा, अपतिंदर सिंह सिद्धवां बेट, अमनदीप सिंह डल्ला, भूपिंदर सिंह सेखों, कुलदीप सिंह मलक, राजिंदर सिंह सिद्धू, मनजीत कुमार, हरविंदर सिंह स्वद्दी, दलजीत सिंह जेई, जगजीत सिंह देहड़का और करमजीत सिंह बरसाल समेत भारी संख्या में बिजली मुलाजिम और यूनियन नेता मौजूद रहे।

# तीन दिन पहले छुट्टी पर आए सेना के हलवदार ने की आत्महत्या, घर में पंखे से लटकी मिली लाश

खन्ना/यूटर्न/21 जुलाई। खन्ना शहर के आनंद नगर इलाके में भारतीय सेना के एक हवलदार द्वारा आत्महत्या करने का दुखद मामला सामने आया है। मृतक की पहचान आनंद नगर निवासी



जसबीर सिंह के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। अभी तक जवान ने ऐसा कदम क्यों उठाया, इसका पता नहीं चल सका है। मृतक हवलदार जसबीर सिंह अपने पीछे दो बच्चे छोड़ गए हैं। इस अचानक हुई घटना से पूरे परिवार में मातम छा गया है और स्थानीय इलाके में शोक की लहर है। जानकारी के अनुसार, जसबीर सिंह भारतीय सेना में हवलदार के पद पर कार्यरत थे और वर्तमान में पठानकोट में तैनात थे। वह करीब तीन दिन पहले ही छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। परिजनों ने उनकी लाश घर के कमरे में पंखे से लटका हुआ देखा, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचित किया गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में ले लिया और आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे मामले के हर पहलू की बारीकी से जांच कर रहे हैं।

# जीएचजी अकेडमी में टाइमलाइन गतिविधि, 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों ने रचनात्मकता से जीवंत किया इतिहास



-चरणजीत सिंह चन्न-
जगरांव/यूटर्न/21/जुलाई। जी.एच.जी. अकैडमी जगरांव में हाल ही में कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष शैक्षिक 'टाइमलाइन गतिविधि' (Timeline Activity) का आयोजन किया गया। इस अनूठी पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में ऐतिहासिक घटनाओं की समझ को रचनात्मक और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विकसित करना तथा उन्हें कालक्रम (Chronological Order) के महत्व से परिचित कराना था।

**ऐतिहासिक विषयों का चयन:** विद्यार्थियों ने फ्रांसीसी क्रांति, रूसी क्रांति, भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन, भारतीय संविधान का निर्माण और स्वतंत्रता के बाद के भारत जैसे महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक विषयों पर आकर्षक टाइमलाइन चार्ट तैयार किए।

**रचनात्मकता और शोध:** प्रत्येक प्रस्तुति में घटनाओं को बेहद करीने से क्रमबद्ध किया गया, जिससे न केवल छात्रों की शोध क्षमता (Research Skills) का पता चलता है, बल्कि उनकी कलात्मक प्रतिभा भी उभर कर सामने आई। छात्रों की सक्रिय भागीदारी: इस गतिविधि के दौरान विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बनता था।

# सैनी विहार फेज-3 में बंद मकान को चोर ने बनाया निशाना, रात ढाई बजे घर में घुसा आरोपित, नकदी और सोने के आभूषण लेकर फरार

जीरकपुर/यूटर्न/21 जुलाई। सैनी विहार फेज-3 में सोमवार देर रात एक बंद मकान को चोर ने निशाना बनाकर नकदी और सोने के आभूषण चोरी कर लिए। वारदात मकान नंबर 1213 में हुई। घटना के समय घर का कोई भी सदस्य मौजूद नहीं था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, चोर रात करीब ढाई बजे मकान में दाखिल हुआ। उसने लगभग एक घंटे तक





घर के कमरों और अलमारियों की तलाशी ली तथा वहां रखी नकदी और सोने के आभूषण लेकर फरार हो गया। परिवार के सदस्यों के वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा हुआ मिला और नकदी व गहने गायब थे। घटना की सूचना क्षेत्र के पार्षद को दी गई। पार्षद ने मौके पर पुलिस को बुलाकर पूरी घटना से अवगत कराया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपित की पहचान की जा सके। पार्षद ने बताया कि चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए एएसपी को भी लिखित शिकायत दी जा रही है। उन्होंने क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने और रात के समय संदिग्ध लोगों की जांच करने की मांग की है।

# विशेष जरूरत वाले लोगों के लिए बेहतर पुनर्वास पर जोर, प्रशासक कटारिया बोले समावेशी समाज बनाना हम सबकी जिम्मेदारी




चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने मंगलवार को कहा कि मानसिक बीमारी से उबर रहे और बौद्धिक दिव्यांगता से प्रभावित लोगों को केवल इलाज नहीं, बल्कि सम्मान, सामाजिक स्वीकार्यता और आत्मनिर्भर जीवन का अवसर भी मिलना चाहिए। उन्होंने समाज से ऐसे लोगों के प्रति संवेदनशील और समावेशी दृष्टिकोण अपनाने की अपील की। सेक्टर-31 स्थित ग्रुप होम में सामाजिक कल्याण विभाग द्वारा आयोजित जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रशासक ने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, बौद्धिक दिव्यांगता और ऑटिज्म को लेकर समाज में फैली भ्रांतियों और भेदभाव को समाप्त करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति गरिमा और समान अधिकारों का हकदार है।

कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य सचिव विवेक प्रताप सिंह, सामाजिक कल्याण विभाग की सचिव अनुराधा एस. चागटी, मुख्य अभियंता सी.बी. ओझा सहित प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, ट्राइसिटी के मनोचिकित्सक, अभिभावक और विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। प्रशासक ने कहा कि ग्रुप होम जैसी संस्थाओं में केवल रहने की सुविधा ही नहीं, बल्कि प्रशिक्षित देखभालकर्ता, विशेष शिक्षक, मनोवैज्ञानिक, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता और व्यावसायिक प्रशिक्षण जैसी समग्र सेवाएं उपलब्ध होना जरूरी है। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच, आपातकालीन चिकित्सा सुविधा, प्रभावी शिकायत निवारण प्रणाली और परिवारों के साथ निरंतर संवाद पर भी जोर दिया।

उन्होंने सामाजिक कल्याण विभाग, जीएमसीएच-32, जीआरआईआईडी और अन्य सहयोगी संस्थानों से ग्रुप होम सेवाओं की नियमित समीक्षा करने तथा अभिभावकों और लाभार्थियों के सुझावों के आधार पर इन्हें और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# चंडीगढ़ की ड्राफ्ट वोटर लिस्ट जारी, 20 अगस्त तक दर्ज करा सकेंगे दावा और आपत्ति




चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। 01-चंडीगढ़ संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 के तीसरे चरण के तहत मंगलवार को ड्राफ्ट मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई। इसके साथ ही जिन नागरिकों का नाम सूची में शामिल नहीं है या जिनकी प्रविष्टियों में त्रुटि है, वे 21 जुलाई से 20 अगस्त 2026 तक दावा और आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। ड्राफ्ट मतदाता सूची जारी होने के बाद अतिरिक्त उपायुक्त एवं निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) अमनदीप सिंह भट्टी की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। बैठक में राजनीतिक दलों को ड्राफ्ट मतदाता सूची की प्रतियां सौंपी गईं और पुनरीक्षण प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ने बताया कि ड्राफ्ट मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की वेबसाइट तथा निर्वाचन आयोग के मतदाता पोर्टल पर भी उपलब्ध है। जिन मतदाताओं का नाम सूची में नहीं है, वे निर्धारित घोषणा पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार दावे और आपत्तियों की प्राप्त सूची प्रत्येक सप्ताह मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी, ताकि प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे। बैठक में राजनीतिक दलों को विभिन्न आवेदन प्रपत्रों की भी जानकारी दी गई। फॉर्म-6 नए मतदाता के पंजीकरण, फॉर्म-7 नाम हटाने तथा फॉर्म-8 मतदाता विवरण में संशोधन, पता परिवर्तन, ईपीआईसी (मतदाता पहचान पत्र) बदलवाने और दिव्यांग (PwD) स्थिति दर्ज कराने के लिए उपयोग किया जाएगा।

अधिकारियों ने बताया कि 575 मतदान केंद्रों के पुनर्गठन को देखते हुए राजनीतिक दलों से बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) नियुक्त करने और उनका पुनर्गठन करने का भी आग्रह किया गया है। ईआरओ ने कहा कि जिन मतदाताओं ने विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान आवश्यक घोषणा पत्र जमा नहीं कराया है या जिनके रिकॉर्ड में विसंगतियां हैं, उन्हें अलग से नोटिस भेजे जाएंगे। सहायता के लिए मतदाता हेल्पलाइन 1950 पर संपर्क किया जा सकता है या ईसीआईनेट (ECINET) मोबाइल एप पर उपलब्ध 'बुक अ कॉल रिक्वेस्ट विद बीएलओ' सुविधा का उपयोग किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि जो युवा 1 जुलाई 2026 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं या इस तिथि तक 18 वर्ष के हो जाएंगे, वे भी फॉर्म-6 के माध्यम से मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के पात्र हैं। वहीं, जिन मतदाताओं को अपने नाम, पते या अन्य विवरण में संशोधन कराना है, वे फॉर्म-8 ऑनलाइन एउक्छएळ पोर्टल या मोबाइल एप के माध्यम से अथवा संबंधित बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) के पास ऑफलाइन जमा कर सकते हैं।

## क्राउड शूटिंग का झांसा देकर युवती को ले गई, तीन महीने बाद भी नहीं लौटी, अपहरण का केस दर्ज

मोहाली/यूटर्न/21 जुलाई। फिल्म शूटिंग में क्राउड (भीड़) का काम दिलाने का झांसा देकर 18 वर्षीय युवती को अपने साथ ले जाने और तीन महीने बाद भी घर वापस नहीं लौटने के मामले में फेज-8 थाना पुलिस ने एक महिला सहित चार-पांच अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पीड़ित मां ने आरोप लगाया है कि उसकी बेटी को जबरन बंधक बनाकर रखा गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 127(6) और 3(5) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में मूल रूप से उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले की रहने वाली और वर्तमान में कुंभड़ा (मोहाली) में किराये पर रहने वाली अंजू ने बताया कि वह मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करती है। पति की मौत के बाद उसकी तबीयत भी ठीक नहीं रहती। उसकी 18 वर्षीय बेटी वर्षा को पड़ोस में रहने वाली मनदीप कौर फिल्मों की शूटिंग में क्राउड का काम दिलाने के लिए साथ ले जाया करती थी। शिकायत के अनुसार करीब तीन महीने पहले मनदीप कौर वर्षा को फाजिल्का-फिरोजपुर क्षेत्र के गांव रत्ताखेड़ा ले गई थी।

## पीजीआई में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर, मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट्स ने दिया मानवता और सेवा का संदेश




चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। पीजीआई मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट यूनियन (पीजीआईएमटीयू) की ओर से मंगलवार को पीजीआईएमईआर के ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग (ब्लड डोनेशन सेंटर) में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट्स और स्वास्थ्यकर्मियों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए आगे आने का संदेश दिया। शिविर का शुभारंभ पीजीआईएमईआर के डीन (अकादमिक) प्रो. (डॉ.) संजय जैन ने किया। उन्होंने पीजीआईएमटीयू की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्यकर्मी न केवल मरीजों के उपचार में अहम भूमिका निभाते हैं, बल्कि सामाजिक दायित्व निभाने में भी हमेशा अग्रणी रहते हैं। उन्होंने कहा कि एक यूनिट रक्त कई मरीजों के जीवन की रक्षा कर सकता है, इसलिए स्वैच्छिक रक्तदान को जनआंदोलन बनाने की आवश्यकता है।

रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट्स और अन्य स्वास्थ्यकर्मियों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। प्रतिभागियों ने समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जरूरतमंद मरीजों को सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने के संकल्प को दोहराया। पीजीआई मेडिकल टेक्नोलॉजिस्ट यूनियन के प्रतिनिधियों ने कहा कि स्वैच्छिक रक्तदान स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने का महत्वपूर्ण माध्यम है। इससे आपातकालीन और नियमित उपचार के दौरान मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित होती है। उन्होंने शिविर के सफल आयोजन में सहयोग के लिए ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग का भी आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में यूनियन ने प्रो. (डॉ.) संजय जैन, सभी रक्तदाताओं, स्वयंसेवकों और आयोजन टीम का धन्यवाद करते हुए भविष्य में भी स्वास्थ्य जागरूकता और जनसेवा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम लगातार आयोजित करने की प्रतिबद्धता जताई।

## मोहाली पुलिस ने वाहन चोर गिरोह का भंडाफोड़, 15 चोरी के दोपहिया वाहन और चार मोबाइल बरामद

मोहाली/यूटर्न/21 जुलाई। फेज-11 थाना पुलिस ने वाहन चोरी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से जिले के विभिन्न क्षेत्रों से चोरी किए गए 15 दोपहिया वाहन (14 मोटरसाइकिल और एक एक्टिवा) और चार चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ थाना फेज-11 में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार मामले की जांच हवलदार हरप्रीत सिंह कर रहे हैं। उन्हें एक गुप्त सूचना मिली थी कि चोरी के वाहन लेकर आरोपी इलाके में आने वाला है। सूचना के आधार पर नाकाबंदी कर गुरप्रीत सिंह उर्फ बॉबी निवासी गांव सफीपुर को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से बिना नंबर प्लेट का चोरी का स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान गुरप्रीत ने अपने अन्य साथियों के बारे में जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर हरशदीप उर्फ सुच्चा निवासी आईटी सिटी, अमनदीप सिंह उर्फ अमनजोत निवासी खिजरगढ़, अमन निवासी धर्मगढ़ और लवकुश निवासी हरदोई (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी सेक्टर-82 मोहाली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ और आरोपियों के खुलासे के आधार पर पांच और चोरी के स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद किए गए।

## चंडीगढ़ के सरकारी स्कूल को मिली अंतरराष्ट्रीय पहचान, अमेरिकी फुलब्राइट शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने किया दौरा



चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। चंडीगढ़ प्रशासन के राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सेक्टर-38 (पश्चिम), डीएमसी ने एक और उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। प्रतिष्ठित फुलब्राइट प्रोग्रामझ्टीचर्स फॉर ग्लोबल क्लासरूम्स के तहत संयुक्त राज्य अमेरिका के शिक्षकों के प्रतिनिधिमंडल की मेजबानी के लिए इस विद्यालय का चयन देशभर के केवल सात संस्थानों में किया गया है। यह चयन कठोर राष्ट्रीय प्रक्रिया के बाद हुआ है, जिससे विद्यालय को अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक मंच पर चंडीगढ़ का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है।

विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती नीरजा जैन के नेतृत्व में चुने गए इस संस्थान में अमेरिका के तीन शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल 17 जुलाई से 23 जुलाई 2026 तक विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों में भाग ले रहा है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय और अमेरिकी शिक्षकों के बीच आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, कक्षा-कक्ष नवाचारों और वैश्विक शिक्षा दृष्टिकोणों का आदान-प्रदान करना है।

प्रतिनिधिमंडल ने विद्यालय में संचालित कौशल आधारित शिक्षा कार्यक्रमों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने ब्यूटी एंड वेलनेस, कला, कलमकारी, पिछवाई, मंडला आर्ट, मूर्तिकला और ब्लॉक प्रिंटिंग जैसी गतिविधियों को करीब से देखा। साथ ही अमेरिकी शिक्षक चंडीगढ़ के सरकारी विद्यालयों के 40 शिक्षकों के लिए क्षमता संवर्धन कार्यशाला का भी संचालन कर रहे हैं। सोमवार को प्रतिनिधिमंडल ने निदेशक स्कूल शिक्षा, चंडीगढ़ प्रशासन नितिश सिंगला से मुलाकात कर शिक्षा के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।

## मोगा ग्रेनेड हमले के 17 आरोपी गिरफ्तार, फिरोजपुर-जम्मू ट्रेन पर आतंकी साजिश नाकाम



चंडीगढ़/मोगा/यूटर्न/21 जुलाई। पंजाब पुलिस ने मोगा के थाना सदर पर हुए ग्रेनेड हमले की जांच में बड़ी सफलता हासिल करते हुए तीन मुख्य आरोपियों समेत कुल 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), विस्फोटक सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, 9 एमएम ग्लॉक पिस्तौल और वारदात में इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल बरामद की है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इस मॉड्यूल का संचालन ब्रिटेन में बैठे इकबाल उर्फ रवि धालीवाल के निर्देशों पर किया जा रहा था। आरोपियों ने 8 जुलाई को थाना सदर मोगा पर कम तीव्रता का ग्रेनेड हमला किया था और आगे फिरोजपुर-जम्मू रेलगाड़ी में आईईडी लगाने की साजिश रची थी। आईजीपी फरीदकोट रेंज नीलांबरी जगदले ने बताया कि तकनीकी और खुफिया जांच के आधार पर मुख्य आरोपियों तक पहुंच बनाई गई, जिसके बाद पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। एसएसपी मोगा सरताज सिंह चाहल ने कहा कि गिरफ्तार अन्य आरोपी मॉड्यूल को लॉजिस्टिक सहायता, शरण और नेटवर्क विस्तार में मदद कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम और यूएपीए की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की जांच जारी है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियों व बरामदगी की संभावना जताई गई है।

## पासी चौक के पास होटल में कथित कैसीनो, पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

लुधियाना/यूटर्न/21 जुलाई। पखोवाल रोड स्थित पासी चौक के निकट एक नामी होटल की आड़ में कथित रूप से अवैध कैसीनो चलाए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार होटल की एक नहीं, बल्कि तीन मंजिलों पर रोजाना शाम करीब पांच बजे से देर रात तक जुए की बड़ी बाजियां लगाई जाती हैं। आरोप है कि यहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं और लाखों रुपये का दांव लगाया जाता है। खुलेआम चल रही इस कथित गतिविधि ने क्षेत्र की कानून-व्यवस्था और पुलिस की निगरानी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## श्रुति हासन की सादगी भरी खूबसूरती ने जीता फैंस का दिल



अभिनेत्री श्रुति हासन एक बार फिर अपने नए ग्लैमरस फोटोशूट को लेकर चर्चा में हैं। मिनिमल मेकअप, नैचुरल लुक और एलिगेंट स्टाइल में उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं। तस्वीरों में श्रुति का आत्मविश्वास, सादगी और आकर्षक व्यक्तित्व फैंस को खूब पसंद आ रहा है। उनके क्लासी फैशन सेंस और नैचुरल ब्यूटी की सोशल मीडिया पर जमकर तारीफ हो रही है। श्रुति हासन अपने अलग अंदाज और स्टाइल स्टेटमेंट के लिए जानी जाती हैं। अभिनय और संगीत के साथ-साथ उनका फैशन सेंस भी उन्हें इंडस्ट्री की सबसे चर्चित अभिनेत्रियों में शामिल करता है।

## डेमोक्रेसी की नब्ज कमजोर, जंतर मंतर पर दोबारा भीड़, वांगचुक अस्पताल में



चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। दिल्ली के जंतर मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (उखढ) का प्रोटेस्ट मंगलवार को एक और दिन में शामिल हो गया। प्रदर्शनकारियों ने ₹संसद चलो₹ मार्च पर पुलिस की कार्रवाई और एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक के हॉस्पिटल में भर्ती होने के बावजूद अपना आंदोलन जारी रखने की कसम खाई। CJP के फाउंडर अभिजीत दिपके ने जंतर मंतर पर धरना जारी रखा और कहा कि जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान इस्तीफा नहीं दे देते, तब तक आंदोलन वापस नहीं लिया जाएगा। पार्टी नेताओं ने साफ किया कि मंगलवार को पार्लियामेंट तक कोई नया मार्च प्लान नहीं किया गया है, और फोकस प्रोटेस्ट को बनाए रखने, लोगों का सपोर्ट जुटाने और शांतिपूर्ण प्रदर्शनों के जरिए कैंपेन को तेज करने पर है। यह आंदोलन सोमवार को पार्लियामेंट तक मार्च की कोशिश के दौरान प्रदर्शनकारियों और दिल्ली पुलिस के बीच हिंसक झड़पों के बाद हुआ है। पुलिस ने कथित तोड़-फोड़ और पत्थरबाजी के मामले में त्रक्षफ्र दर्ज की, जबकि उखढ नेताओं ने पुलिस पर शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ लाठीचार्ज और आंसू गैस समेत बहुत ज्यादा बल इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। हालांकि, पुलिस ने कहा कि प्रदर्शनकारियों को सिक्योरिटी बैरिकेड तोड़ने और मना किए गए इलाकों में घुसने से रोकने के लिए कार्रवाई की गई थी। इस बीच, सोनम वांगचुक, जो दिल्ली पुलिस द्वारा सफदरजंग हॉस्पिटल में शिफ्ट किए जाने से पहले अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर थे, आंदोलन के केंद्र में बने रहे। उनकी बिगड़ती सेहत को लेकर चिंताओं के बीच, दिल्ली हाई कोर्ट ने उनके परिवार की अर्जी के बाद उन्हें एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ट्रांसफर करने की इजाजत दे दी। BJP प्रेसिडेंट जे.पी. नड्डा और CJP के प्रतिनिधियों के बीच मीटिंग में कोई नतीजा नहीं निकला, प्रदर्शनकारियों ने जोर देकर कहा कि सिर्फ.आश्वासन काफी नहीं हैं और जवाबदेही की अपनी मांग दोहराई। आंदोलन को सपोर्ट दिल्ली से बाहर भी फैलने लगा है, और कई शहरों में एकजुटता के साथ विरोध प्रदर्शन की योजना बनाई गई है। मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में कथित गड़बड़ियों को लेकर शुरू हुए विरोध प्रदर्शन, तब से एक बड़े कैंपेन में बदल गए हैं, जिसमें पब्लिक एग्जाम में ट्रांसपेरेंसी, युवाओं में बेरोजगारी और सरकार की जवाबदेही पर चिंता जताई गई है।

संसद का सेशन चल रहा है और प्रदर्शनकारी पीछे हटने से मना कर रहे हैं, ऐसे में प्रदर्शनकारियों और सरकार के बीच टकराव जारी रहने वाला है।

# CJP पर पुलिस की कार्रवाई को लेकर मॉनसून सत्र में हंगामा; विपक्ष ने PM के घर तक किया विरोध प्रदर्शन











चंडीगढ़/यूटर्न/21 जुलाई। संसद के मॉनसून सत्र में मंगलवार को जबरदस्त राजनीतिक ड्रामा देखने को मिला। विपक्ष ने 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) के प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई को लेकर केंद्र पर हमला तेज कर दिया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास तक मार्च किया और जवाबदेही की मांग करते हुए धरना दिया।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी वाड्रा और कई सांसदों के साथ, राहुल गांधी ने सोमवार को दिल्ली पुलिस के साथ झड़प में घायल हुए छात्रों से मिलने के बाद लोक कल्याण मार्ग तक मार्च किया। कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और गृह मंत्री अमित शाह के इस्तीफे की मांग की। पार्टी का आरोप है कि सरकार ने शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों पर जरूरत से ज्यादा बल प्रयोग किया।

संसद के अंदर, विपक्ष ने पुलिस की कार्रवाई और प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं पर चर्चा की मांग बार-बार की। लगातार नारेबाजी के कारण दोनों सदनों की कार्यवाही में बाधा पड़ी और कई बार सदन को स्थगित करना पड़ा। इस दौरान सरकार और विपक्ष ने विरोध प्रदर्शनों से निपटने के तरीके को लेकर एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए।

केंद्र ने पुलिस की कार्रवाई का बचाव करते हुए कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने तब कार्रवाई की जब प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेड तोड़ने और संसद के आस-पास प्रतिबंधित क्षेत्रों में घुसने की कोशिश की। मंत्रियों ने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वे मॉनसून सत्र के दौरान छात्रों के नेतृत्व वाले आंदोलन का राजनीतिकरण करने की कोशिश कर रहे हैं।

इस बीच, CJP ने जंतर-मंतर पर अपना विरोध प्रदर्शन जारी रखा। उनका कहना है कि जब तक उनकी मुख्य मांगें - जिनमें शिक्षा मंत्री का इस्तीफा भी शामिल है - पूरी नहीं हो जातीं, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। यह आंदोलन अब परीक्षा में अनियमितताओं से आगे बढ़कर युवाओं की बेरोजगारी, भर्ती में पारदर्शिता और संस्थागत जवाबदेही जैसे मुद्दों तक फैल गया है। संसद के अंदर, प्रधानमंत्री के आवास के बाहर और जंतर-मंतर पर एक साथ हो रहे विरोध प्रदर्शनों के कारण यह मुद्दा मॉनसून सत्र का मुख्य राजनीतिक मुद्दा बन गया है। इससे सरकार पर विपक्ष और बढ़ते युवा आंदोलन, दोनों का लगातार दबाव बना हुआ है।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372